प्रेस–नोट

कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर

कनिष्ठ अभियन्ता (नरेगा) दो हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर, 25 अक्टूबर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा मंगलवार को पंचायत समिति, मारवाड़ जंक्शन, जिला पाली में पदस्थापित कनिष्ठ अभियन्ता (नरेगा), श्री अभिमन्यु सिंह को दो हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

श्री वी.के. सिंह, महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बताया कि परिवादी श्री सुरेश कुमार मीणा ने ब्यूरो में शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी कैटल शैड़ का बिल बनाने की एवज में 5,400 रूपये की मांग की थी, इसमें परिवादी से 3,500 रूपये पूर्व में ही आरोपी ने ले लिए थे। सत्यापन दिनांक 21.10.16 को किया गया।

ब्यूरो टीम पाली द्वारा शिकायत के सत्यापन के उपरान्त ट्रेप का आयोजन कर पंचायत समिति, मारवाड़ जंक्शन, जिला पाली में पदस्थापित कनिष्ठ अभियन्ता (नरेगा), श्री अभिमन्यु सिंह को दो हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

उक्त प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

– – –